परि0 सूबे/उनि वेपन एण्ड टेक्टिक्स कोर्स

ज्वाईनिंग निर्देश :-

1. **परिचय :-** रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इंदौर एयरपोर्ट रोड पर स्थित है यह रेल्वे, बस स्टैण्ड से 05 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है । बुनियादी प्रशिक्षण महेश गार्ड परिसर एवं इन सर्विस कोर्सेस दूसरी पल्टन स्थित न्यू परेड ग्राउण्ड पर संचालित किये जाते है ।
2. **प्रशिक्षण में उपस्थिति** :-प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रारम्भ से एक दिवस पूर्व अनिवार्य रूप से महेश गार्ड स्थित सूबेदार मेजर कार्यालय में अपने-अपने रवानगी पत्रक के साथ उपस्थित होना होगा । महेश गार्ड परिसर, 15वी वाहिनी कार्यालय के पीछे स्थित है ।
3. **आवास व्यवस्था-** प्रशिक्षणार्थियों की आवास व्यवस्था उपलब्ध होस्टलों एवं भोजन व्यवस्था मैस में की जावेगी ।
4. **परिवहन सुविधा** - पूर्व सूचना मिलने पर रेलवे/बस स्टैण्ड पर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जावेगी
5. **वेशभूषा** :-प्रशिक्षणार्थी को अपने साथ पीटी ड्रेस, स्पोटर्स ड्रेस, वर्किंग ड्रेस, केमोफ्लाइज डांगरी-2 नग, जंगलबूट, जंगलहेट, पीटी सफेद, सफेद मौजे, सफेद बनियान दो नग, मच्छरदानी, लाइट बेडिंग, 02 सफेद चादर ले आउट हेतु, परिचय पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटो वेब बेल्ट, इंकलेट, एफएसएमओ स्केल ''बी'' अनिवार्य रूप से साथ में लाएगें ।
6. **मेस एडवांस**:-प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी मेस व्यवस्था एवं हॉस्टल चार्ज के रूप में रू0 10,000/- (रू0 दस हजार) साथ में लावेंगे ।
7. **परिचय :-** प्रतिदिन रनिंग एवं टफनिंग एक्सरसाईज होगी इसके उपरांत वेपन की कक्षायें स्कवाड पोस्ट पर लगाई जावेगी । मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट टेक्टिक्स एवं विस्फोटक की जानकारी इंडोर क्लास में दी जावेगी । प्रशिक्षण हेतु प्रतिदिन 10 पीरियड का प्रावधान है प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिदिन ग्रेडिंग की जाती है । कमजोर ग्रेडिंग प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों का भोजन एवं अवकाश कम कर अतिरिक्त कक्षायें चलाई जाती है साथ ही अवकाश के दिनों का आउटपास निरस्त कर अन्य प्रशिक्षणार्थियों के समकक्ष लाने हेतु अतिरिक्त कक्षायें लगाई जाती है । इस ग्रेडिंग का उपयोग अंतिम मूल्यांकन करने हेतु भी किया जाता है । प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार के अवकाश का प्रावधान नहीं है ।
8. **सम्पर्क सूत्र** :- प्रशिक्षण के संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी निम्न दूरभाष नंबरों पर प्राप्त की जा सकती है

   1. प्रशासनिक कार्या.- 07312419771 2. सूबेदार मेजर कार्या. - 07312419310